हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, सोमवार, 10 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 32.5 डिग्री
न्यूनतम 10.2 डिग्री

11 थाना कलां मार्ग की हालत खस्ता, वाहन चालक परेशान



12 अवैध खनन में लगे वाहन किए जब्त



## खबर संक्षेप

### शहीदों की याद में सिसाना में दंगल आज

**खरखौदा।** शहीद ताराचंद पहलवान तथा परमवीर चक्र विजेता कर्नल होशियार सिंह की स्मृति में जन कल्याण समिति एवं स्पोर्ट्स क्लब द्वारा सोमवार को सिसाना में कुश्ती दंगल का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के पहलवान भाग लेंगे। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पहलवान को 1 लाख, द्वितीय को 51 हजार व तृतीय स्थान पर रहने वाले पहलवान को 31 हजार रुपए की नकद राशि व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 11 हजार, 5100 रुपए की अनेक कुश्तियां कराई जाएंगी। द्रोणाचार्य अवॉर्डी अनूप सिंह दहिया ने बताया कि शहीद ताराचंद पहलवान 12 अप्रैल 1989 को अंबाला न्यायालय परिसर में उग्रवादियों के साथ मुकाबला करते हुए शहीद हो गए थे। उनकी और परमवीर चक्र विजेता कर्नल होशियार सिंह की स्मृति में प्रतिवर्ष दंगल का आयोजन किया जाता है।

### दुकान में बेच रहा था अवैध शराब, गिरफ्तार

**खरखौदा।** सैदपुर चौकी पुलिस की तरफ से एक व्यक्ति को शराब के साथ गिरफ्तार किया है, जोकि ईंट भट्ठे के पास शराब रखकर उसे लेबर को बेचने का काम करता था। आरोपी ने अपनी पहचान सोहटी निवासी प्रवीन के रूप में हुई है। हेड कांस्टेबल रवींद्र गश्त करते हुए जब सोहटी में ईंट भट्ठे के पास पहुंचे तो उन्हें किसी ने बताया कि एक व्यक्ति किरयाना की दुकान के पास शराब का अवैध धंधा चला रहा था। मौके पर पहुंची टीम ने शराब के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा। जिसके पास 30 पव्वे, 7 अध्धे व 11 बोतल शराब बरामद हुई। जिसका वह कोई लाइसेंस पेश नहीं कर पाया। जिस पर पुलिस ने आरोपी को शराब सहित अपने गिरफ्तार कर केस दर्ज कर लिया।

### प्रेम कॉलोनी के पास शव मिलने से सनसनी

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में स्थित प्रेम कॉलोनी में संपर्क मार्ग पर एक युवक का शव संदिग्ध में पड़ा हुआ मिला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। शव की पहचान नहीं हो सकी है। मामले के जांच अधिकारी युद्धवीर सिंह ने बताया कि शनिवार रात को शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। शव को कब्जे में लेकर आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। युवक की उम्र करीब 35 वर्ष है। वह काली कमीज व नीली जींस की पेंट पहने हुए था। पुलिस शव की पहचान को प्रयास कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। शव मिलने की सूचना आसपास के क्षेत्रों में भेजी गई है।

**आपातकालीन कक्ष में अलग से चिकित्सक व स्टाफ तैनात रविवार को भी खुले कार्यालय**

# होली को लेकर प्रशासन अलर्ट पर स्वास्थ्य कर्मचारियों की छुट्टियां रद

■ पुलिस ने जिले को अलग-अलग जोन में बांटा ■ पीसीआर और राइडर लगाएंगे गश्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

होली पर्व व विधान सभा सत्र को लेकर जिला स्वास्थ्य विभाग की तरफ से कर्मचारियों की छुट्टियों को रद्द कर दिया गया है। रविवार को अस्पताल में प्रधान चिकित्सक अधिकारी, स्टोर सहित अन्य विभागीय कार्यालय खुले रहे। होली पर्व के दिन स्वास्थ्य विभाग की तरफ से आपातकालीन कक्ष में अलग से चिकित्सक व नर्सिंग अधिकारियों की तैनाती की गई है। साथ ही वार्ड में तैनात कर्मचारियों को आपातकालीन स्थिति में तैयार रहने के निर्देश दिए गए है। ताकि जरूर पड़ने पर किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बता दें कि जिला नागरिक अस्पताल में रविवार को प्रधान चिकित्सक अधिकारी सहित अन्य विभागीय कार्यालय खोले गए। साथ ही आपातकालीन कक्ष में तैनात कर्मचारियों को रविवार को अलग से तैनात किया गया।

जानकारी मिली कि विधान सभा सत्र व होली पर्व को लेकर विभाग की तरफ से रविवार के दिन अलग से कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। विभाग की तरफ से होली व दुल्हेंडी के दिन आपातकालीन कक्ष में नर्सिंग अधिकारी व चिकित्सक की तैनाती की गई है। जिला कार्यकारी प्रधान चिकित्सक अधिकारी डा. संदीप लठवाल ने बताया कि विभाग की तरफ से नर्सिंग व चिकित्सकों की अलग से ड्यूटी लगाई गई है। विभाग की तरफ से अस्पताल में आने वाले हर मरीज को स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रयासरत है।




**सोनीपत।** जिले का नागरिक अस्पताल का बाहरी दृश्य।

### जिले में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध

■ सादी वर्दी में पुरुष और महिला पुलिस कर्मचारी किए तैनात

होली के त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। कोई ऐसा कार्य नहीं करना चाहिए जिससे दूसरों के स्वाभिमान को ठेस पहुंचे। कुछ लोग होली के मौके पर लड़कियों व महिलाओं के साथ अभद्रता करने में भी पीछे नहीं रहते तथा ग्रामीण क्षेत्र में होली के दिन लड़ाई-झगड़े भी अधिक होते हैं। होली के मौके पर लड़ाई-झगड़े की नौबत न आए और लोग शांति से होली मनाएं इसके लिए पुलिस ने पहले से ही तैयारियां शुरू कर दी है। होली व दुल्हेंडी के दिन के लिए पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। पुलिस ने जिले को अलग-अलग जोन में बांटा है। साथ ही पीसीआर, डायल-112 और बाइक राइडर होली पर गश्त कर हुड़दंगियों की निगरानी करते रहेंगे।

### थाना प्रभारी व ट्रैफिक पुलिस अल्कोहल सेंसर से लैस

सभी थाना व ट्रैफिक प्रभारियों को अल्कोहल सेंसर उपलब्ध करवाए जाएंगे। जिससे वह शराबियों पर नकेल कस सके। साथ ही पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि शराब के नशे में पकड़े गए लोगों को होली पर्व पर काबू किया जाए। साथ ही उनका चालान भी काटा जाए।

### थाना प्रभारियों को दिए गश्त करने के निर्देश: आयुक्त

पुलिस आयुक्त नाजनीन भसीन ने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चौकस करने के लिए गश्त करने के निर्देश दिए हैं। पीसीआर व बाइक राइडरों की विशेष गश्त भी सुनिश्चित की गई है। उन्होंने सभी जिला वासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए इस त्यौहार को भाईचारे व सौहार्द के साथ मनाने की अपील की है।

### हुड़दंग मचाया तो खैर नहीं

पुलिस ने हुड़दंग करने वालों को सख्त निर्देश दिए है कि वाहन चालकों व महिलाओं और लड़कियों पर गुब्बारे न फेंके की विभाग की तरफ से अपील की गई है। गुब्बारे फेंकने वालों के खिलाफ पुलिस कानूनी कार्रवाई करेगी। साथ ही सार्वजनिक वस्तुओं को नुकसान पहुंचाने वालों से भी सख्ती से निपटा जाएगा। इसके लिए जगह-जगह महिला व पुरुष पुलिस कर्मियों को सादे कपड़ों में भी तैनात किया जाएगा।

# क्रेन से उठा ले गए खोखा वीडियो पुलिस को सौंपी

## अंदर पांच फ्रिज व अन्य सामान था



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर राई थाना क्षेत्र में में ढाबे के पास रखे खोखे को मालिक ने क्रेन द्वारा उठाकर चोरी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को चोरी की शिकायत दी है। खोखे जिसमें पांच फ्रिज, कोल्ड ड्रिंक्स और रुपये थे। क्रेन से खोखे को ले जाते वक्त आसपास के लोगों द्वारा बनाई गई वीडियो भी सौंपी है। पुलिस ने इस संबंध में जांच शुरू कर दी है।

शहर निवासी सोनू ने बताया कि उसने जीटी रोड पर राई के पास स्थित गोल्डन हट रेस्टोरेंट के पास एक खोखा लगा कर दुकान बनाई हुई थी। वह इसमें कोल्ड ड्रिंक व अन्य सामान बेचता था। कोल्ड ड्रिंक के लिए इसमें पांच फ्रिज रखे हुए थे। रात को वह काम निपटाने के बाद खोखे को ताला लगा कर अपने घर चला गया था। सुबह आया तो खोखा नहीं मिला। सोनू ने बताया कि रातों रात उसका खोखा गायब हो गया। उसने आसपास पता किया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली।

### फ्री में शराब देने से मना किया तो मारपीट

**गन्नौर।** घसौली गांव में शराब के ठेके के कर्मचारी के साथ घसौली गांव के युवकों ने मारपीट कर दी। हमलावर ठेका कर्मचारी से फ्री में शराब की बोतल देने की मांग कर रहे थे। कर्मचारी के मना करने पर उन्होंने कर्मचारी पर हमला कर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया और उसे जान से मारने की धमकी दे कर फरार हो गए। घायल कर्मचारी ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में पुरखास गांव के मंजीत ने बताया कि वह घसौली शराब के ठेके पर नौकरी करता है। 8 मार्च को घसौली गांव के अजय ने शराब बोतल पर लेस करवाने के लिए फोन किया था, जिसे उसने सेल्समैन से लेस करवा दिया। इसके बाद रात को गांव के प्रशांत त्यागी और प्रवीन ने फोन पर फ्री में शराब की मांग की, जिसे मना करने पर वे गाली-गलौज करने लगे।



# होला मोहल्ला : कीर्तन सुनकर संगत निहाल

**सोनीपत।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा गीता भवन चौक सोनीपत में रविवार को होला मोहल्ला का समागम मनाया गया। होला मोहल्ला खालसा पंथ का एक कौमी उत्सव होता है। जो हर साल बड़ी धूमधाम से गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा गीता भवन चौक सोनीपत में मनाया जाता है। इसमें पहले गुरुद्वारा साहब की स्त्री सत्संग सभा द्वारा सुखमनी साहब का पाठ किया गया। गुरुद्वारा साहब के हजूरी रागी भाई विजय सिंह वीर द्वारा संगत को कीर्तन द्वारा निहाल किया गया। ढाडी जत्था ज्ञानी गुरदेव सिंह कोमल पंजाब से संगत के बीच पहुंचे। जिन्होंने अपनी वीर गाथाओं द्वारा सिख पंथ का इतिहास सुनाया। इस अवसर पर भारी संख्या में संगत गुरुद्वारा साहब पहुंची। गुरुद्वारा साहब के प्रधान सरदार मोहन सिंह मनोचा ने कहा कि आज की पीढ़ी को अपने विरसे से जोड़ने के लिए ऐसे कौमी उत्सव बहुत जरूरी है। इस अवसर पर महासचिव परमजीत सिंह, गुरिंदर सिंह, जरनैल सिंह, गुरजीत सिंह, शमशेर सिंह, अर्जुन सिंह मनोचा व अन्य मौजूद रहे।

# युवक पर लगाया था दुष्कर्म का आरोप, कोर्ट में मुकरी

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र की महिला ने बेटी को मेहंदी लगाने के बहाने बहला कर ले जाने के बाद दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें पुलिस ने पीड़िता के मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज कराए तो उसने दुष्कर्म से इंकार कर दिया। बाद में महिला ने भी गलतफहमी में मुकदमा दर्ज कराने की बात अदालत के सामने कही। महिला ने मामले को लेकर लिखित में दिया तो पुलिस ने मुकदमा निरस्त कर दिया है। एक महिला ने 7 मार्च को पुलिस को बताया था कि 17 साल की बेटी को एक युवक साल भर से जानता है। उनकी बेटी 18 अक्टूबर, 2024 को मेहंदी लगाने के लिए सेक्टर-14 मार्केट में गई थी। वहां से युवक उनकी बेटी को बहला कर अपनी मां व बहन को मेहंदी लगाने का झांसा देकर होटल में ले गया था।

### बयान के बाद केस रद

महिला ने नाबालिग बेटी से दुष्कर्म किए जाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। लड़की के मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज कराए तो उसने मना कर दिया। महिला ने अदालत में गलतफहमी में शिकायत देने की बात कही। महिला के लिखित में देने के बाद मुकदमा निरस्त कर दिया गया है।

**रविंद्र सिंह**, पुलिस प्रवक्ता सोनीपत

### किशोरी आत्महत्या प्रकरण : दो अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**गन्नौर।** नाबालिग लड़की से दुष्कर्म व आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में स्वजन बाकी आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग के लिए जीआरपी चौकी पहुंचे। उन्होंने चौकी प्रभारी से मामले में संलिप्त दो और आरोपितों को भी गिरफ्तार करने की मांग की। इस मामले में अभी तक जीआरपी ने एक आरोपित तुषार को ही गिरफ्तार किया है। जबकि दो आरोपित मंजीत व कमल अभी गिरफ्त से बाहर हैं। जीआरपी चौकी प्रभारी सुरेश कुमार ने उन्हें बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामले में संलिप्त सभी आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा। इसके बाद स्वजन विधायक देवेंद्र कादियान से मिलने उनके कार्यालय में भी पहुंचे। उन्होंने विधायक से भी मामले में त्वरित कार्रवाई करवाने की मांग की। गौरतलब है कि गन्नौर और भोड़वाल माजरी रेलवे स्टेशन के बीच 17 वर्षीय नाबालिग ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतका के पिता ने जीआरपी चौकी में तीन आरोपितों के खिलाफ शिकायत दी थी। पीड़ति पिता के अनुसार 4 मार्च को तुषर व कमल उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गए थे।

### बैंक के सिक्योरिटी गार्ड को वाहन ने टक्कर मारी, हालत गंभीर

**गन्नौर।** ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहे बैंक के सिक्योरिटी गार्ड को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सिक्योरिटी गार्ड सड़क पर गिर कर घायल हो गया। परिजनों ने घायल को हॉस्पिटल में दाखिल कराया, जहा ईलाज के दौरान घायल रामनिवास की मौत हो गई। मृतक के बेटे ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में छदिया गांव निवासी अमित ने बताया कि उसके पिता रामनिवास गन्नौर एचडीएफसी बैंक में गार्ड की नोकरी करते है। उसके पिता हर रोज की तरह ड्यूटी खत्म कर 7 मार्च की शाम को मोटरसाइकिल पर घर आ रहे थे। जब वह भोरा रसूलपुर गांव के सरकारी स्कूल के पास पहुचे तो इस दौरान अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। गन्नौर थाना प्रभारी जशपाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौप दिया और परिजनों की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# पुलिस ने ऑपरेशन आक्रमण अभियान चलाकर 52 आरोपी पकड़े



**सोनीपत।** जिला पुलिस की तरफ से रविवार को सुबह से स्पेशल अभियान चलाया गया। अभियान को विभाग की तरफ से ऑपरेशन आक्रमण नाम दिया गया। अभियान के दौरान विभाग की तरफ से अलग-अलग सात नए मुकदमे दर्ज किए गए है। साथ ही 52 आरोपितों को काबू करने में सफलता हासिल की है। विभाग की तरफ से जिले में अपराध एवं अपराधियों पर लगाम लगाना है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस आयुक्त द्वारा अपराध नियंत्रण करने के लिए रविवार को एक विशेष अभियान ऑपरेशन आक्रमण चलाया। जिसमें अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए। जिसके तहत जिला सोनीपत के सभी पुलिस उपायुक्तों के नेतृत्व सभी सहायक पुलिस आयुक्तों के साथ कुल 78 पुलिस टीमों में नियुक्त 408 जवानों ने सात नए मामले दर्ज किए।

**पहले आज से शुरू होनी थी परीक्षाएं, 10 की परीक्षा अब 25 को होगी**

# 6वीं से 8वीं तक की परीक्षाओं के शेड्यूल में बदलाव, अब 13 से होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की तरफ से इस समय 10वीं व 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाएं संचालित की जा रही हैं। ऐसे में शिक्षा विभाग की तरफ से कक्षा छठी, सातवीं व आठवीं की वार्षिक परीक्षाएं भी 10 मार्च से शुरू करने का फैसला किया था। अब इन परीक्षाओं के शेड्यूल में बदलाव किया गया है। जिसके तहत 10 मार्च को होने वाली परीक्षा अब 25 मार्च को होगी। बाकी परीक्षाएं पूर्व निर्धारित शेड्यूल के अनुसार ही होंगी।

■ आज होने वाली परीक्षा को छोड़कर शेड्यूल में कोई बदलाव नहीं

ऐसे में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षाएं अब 13 मार्च से शुरू होंगी। जिसको लेकर सभी स्कूल प्राचार्यों को अवगत करा दिया गया है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने 10 मार्च से शुरू होने वाले कक्षा 6 से 8 तक के परीक्षा शेड्यूल में बदलाव किया है। परीक्षा शेड्यूल में बदलाव करते हुए 10 मार्च को होने वाली परीक्षा में बदलाव किया गया है। इस तिथि को कक्षा 6 का गणित, कक्षा सातवीं का विज्ञान व आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों का अंग्रेजी विषय का पेपर होना था। नए शेड्यूल के अनुसार अब इस तिथि को होने वाली तीनों कक्षाओं की परीक्षा 25 मार्च को होगी। परीक्षाओं की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है।

### अब यह रहेगा परीक्षा का शेड्यूल

| तिथि | छठी | सातवीं | आठवीं |
|---|---|---|---|
| 13 मार्च | हिंदी | गणित | विज्ञान |
| 17 मार्च | विज्ञान | सामाजिक विज्ञान | गणित |
| 19 मार्च | अंग्रेजी | हिंदी | सामाजिक विज्ञान |
| 21 मार्च | सामाजिक विज्ञान | अंग्रेजी | हिंदी |
| 22 मार्च | संस्कृत | गृह विज्ञान | गृह विज्ञान |
| 24 मार्च | गृह विज्ञान | संस्कृत | संस्कृत |
| 25 मार्च | गणित | विज्ञान | अंग्रेजी |

### पांचवीं तक की परीक्षाएं 17 से

शिक्षा विभाग ने बालवाटिका से पाचवीं कक्षा तक की वार्षिक परीक्षाएं 17 मार्च से शुरू करने का फैसला किया है। शेड्यूल के हिसाब से यह परीक्षाएं 17 से 22 मार्च तक हर रोज आयोजित की जाएंगी। पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों की पांच विषय की परीक्षा होगी, जबकि बालवाटिका के विद्यार्थियों की दो विषय की परीक्षा होगी, जो 17 व 19 मार्च को आयोजित की जाएगी। अधिकारियों को शांतिपूर्वक परीक्षा के संचालन के निर्देश दिए गए हैं।

### अब 25 मार्च तक चलेंगी परीक्षाएं

कक्षा 6 से 8वीं तक के विद्यार्थियों की परीक्षाएं 10 से 24 मार्च तक आयोजित की जानी थी। शेड्यूल में बदलाव के बाद अब यह परीक्षाएं 13 मार्च से शुरू होंगी। 10 मार्च को होने वाली परीक्षा अब 25 मार्च को ली जाएगी।

**नवीन गुलिया**, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

# मीट की अवैध दुकानों का विरोध करने पर विहिप कार्यकर्ता पर हमला, सिर पर रॉड मारी

■ कार्यालय में घुसकर वारदात ■ बोला- कई दिन से मिल रही थी धमकियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सिविल लाइन थाना क्षेत्र में विश्व हिंदू परिषद के सदस्य ने मीट की अवैध दुकानों का विरोध करने पर उसके कार्यालय में घुसे कर 15-20 युवकों ने लोहे की राड और लाठी-डंडों से हमला कर घायल करने का आरोप लगाया है। घायल ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में जांच शुरू कर दी है। एटलस रोड कार्यालय निवासी प्रदीप दहिया ने बताया कि वह विश्व हिंदू परिषद का सदस्य है। उन्होंने बताया कि यहां आसपास मीट की अवैध दुकानें खुल गई है। यहां सड़क पर काउंटर लगाएं जाते है। जिससे जाम लगता है। वहीं, अपशिष्ट फेंकने से आसपास गंदगी फैलाते है। यहां पास में ही करीब 100 साल पुराना राम मंदिर है। इससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत होती है। इसको लेकर क्षेत्रवासियों ने उपायुक्त को भी शिकायत की थी। संगठन की ओर से उनको भी निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जिसको लेकर वह कई बार फोटो खींच कर प्रशासन को भेज चुके है। इसी की रंजिश को लेकर उनको लगातार धमकाया जा रहा था। अब रविवार की रात को वह अपने दोस्त अनिल के साथ कार्यालय पर मौजूद थे। इसी दौरान हाथों में लोहे की राड और डंडे लिए 15-20 युवक उनके कार्यालय में घुस आए। उन्होंने आते ही उसे पीटना शुरू कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग आए तो आरोपित भाग गए। प्रदीप का कहना है कि उन्होंने अपने स्तर पर जांच की तो पता चला कि उन पर हमला करने वाले युवक ईदगाह कालोनी के रहने वाले है, लेकिन वह किसी को नहीं जानते। प्रदीप ने मामले से पुलिस को अवगत कराया है। दहिया ने बताया कि करीब एक महीने पहले क्षेत्र में सीवर लाइन ब्लॉक होने पर लोगों के विरोध के बाद उपायुक्त डा. मनोज कुमार जायजा लेने पहुंचे थे। उस वक्त लोगों ने बताया था कि रोहतक रोड फ्लाईओवर के नीचे अवैध मीट की दुकानें चल रही हैं। दुकानदार कचरे को सीवर में डालते हैं, जिससे चूहों की संख्या बढ़ी है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है।


■ 10 से 15 लोगों पर हमला करने का आरोप, पुलिस जांच में जुटी



### पुलिस को घटनास्थल पर कोई नहीं मिला

कार्यालय में मारपीट की सूचना मिली थी। टीम ने मौके पर पहुंची, लेकिन कोई मिला नहीं था। अभी शिकायत नहीं मिली है। शिकायत के बाद आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

**प्रवीन कुमार**, जांच अधिकारी, सिविल लाइन थाना



## लोककवि

दयाचंद मायना हरियाणवी बोली के कवि थे। वे हरियाणा के अब तक के सबसे महत्वपूर्ण कवियों और लोकगीत कलाकारों में से एक हैं। उनका जन्म 10 मार्च 1915 को हरियाणा (तत्कालीन पंजाब) के रोहतक जिले के मायना गांव में एक वाल्मीकि परिवार में हुआ था। उन्होंने हरियाणवी सांग और रागनी का बेहतरीन निर्माण किया। उन्होंने 21 किस्सा (हरियाणवी में नाटक) और 150 से अधिक रागनियां (हरियाणवी में कविता) लिखीं। 20 जनवरी 1993 को उनका निधन हो गया।

# जन कल्याण के रचनाकार कहलाए शिवचरण

जयंती विशेष

दिनेश शर्मा 'दिनेश'



प्रसिद्ध लोककवि एवं भजनोपदेशक शिवचरण का जन्म 9 मार्च 1929 को फाल्गुन मास की त्रयोदशी को महाशिवरात्रि के दिन दिल्ली देहात के ऐतिहासिक गांव नांगल ठाकरान में हुआ। शिवरात्रि के दिन जन्म होने के कारण ही इनका नाम शिवचरण रख दिया गया। इनके पिता का नाम मलूक राम तथा माता का नाम प्रेमकौर था। चार वर्ष की आयु में ही पिता का साया इनके सिर से उठ गया और इनका पालन-पोषण इनके पितृव्य निहालचंद 'निहाल' द्वारा किया गया। गौरतलब है कि निहालचंद 'निहाल' अपने समय के प्रसिद्ध लोककवि एवं लोकनाट्यकार (सांगी) थे। उनका संरक्षण प्राप्त होने के कारण बचपन से ही इनके मन में संगीत के प्रति गहरा लगाव पैदा हो गया। इन्होंने आठवीं कक्षा तक शिक्षा प्राप्त की।

पंद्रह-सोलह वर्ष की आयु में इनकी दिल्ली क्लाथ मिल में नौकरी लग गई। जहां संयोग से इन्हें संगीत का शौक एवं जानकारी रखने वाले कई सहयोगी मिल गए। अब इनके पास जब भी खाली समय होता था, ये सभी वहीं अपना गायन, वादन का अभ्यास कर लेते थे। कुछ समय बाद इन्होंने अपनी पूरी भजन-मंडली बना ली। इनके कार्यक्रमों में अधिकतर देशभक्तिपूर्ण, आध्यात्मिक व शिक्षाप्रद भजन व रागनी होते थे। इनके कार्यक्रमों का लोगों पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ता था। इसके साथ-साथ ये समाजसेवा के कार्यों में भी अत्यधिक रुचि रखते थे। कुश्ती के शौकीन, मीठी-वाणी और परोपकार की प्रवृत्ति रखने वाले शिवचरण विशाल हृदयी थे तथा 'वसुधैव कुटुम्बकम्' में विश्वास रखते थे। एक बार गांव नांगल ठाकरान में उन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए कुएँ में गिरे एक बच्चे को बचाया तो दूसरी बार किसी कारण से दो गुटों में बंटे मांढ़ोठी गांव के ग्रामीणों को एक स्थान पर बुलाया और उनके गिले-शिकवे दूर करवाए। जिससे सारा गांव दोबारा एकजुट हो पाया। इस पर गांव के प्रधान ने इनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा कि महाशय जी, आज आपने हमारे गांव को टूटने से बचा लिया। इस सुकृत के लिए हमारा गांव सदा आपका ऋणी रहेगा। इस प्रकार के अनेक प्रसंग इनके नाम के साथ जुड़े हुए हैं। लोककवि शिवचरण एक प्रभावशाली व्यक्तित्व के धनी थे। अपने पितृव्य एवं गुरु निहालचंद 'निहाल' की तरह इनके कंठ में भी मां सरस्वती का वास था। इनका गाना सुनकर श्रोता आत्मविभोर हो उठते थे। वस्तुतः इनके तीन गुरु थे। पहले, निहालचंद 'निहाल' जिनसे इन्होंने काव्य रचना और गायन विधा का ज्ञान प्राप्त किया। दूसरे, बिजवासन निवासी भूपसिंह जिनसे इन्होंने हारमोनियम बजाना सीखा और तीसरे स्वामी परमहंस, जो इनके आध्यात्मिक गुरु थे। इनकी अपने तीनों गुरुओं के प्रति अगाध श्रद्धा थी। अग्रदत्त पंक्तियों में इनके तीनों गुरुओं का वर्णन किया गया है-

*'निहाल' भूपसिंह परमहंस जी तीनों को गुरु मान लिया।*
*गाणा और बजाणा लिखणा ब्रह्मविद्या का ज्ञान लिया।*
*खूब कर्या प्रचार ज्ञान का दूध और पाणी छान लिया।*

**लोककवि शिवचरण अपने समय के एक सशक्त हस्ताक्षर थे, जिन्होंने अपनी काव्य प्रतिभा से जनमानस में नई जागृति लाने का स्तुत्य प्रयास किया। उनका लोक साहित्य और महान व्यक्तित्व युवाओं को श्रेष्ठ साहित्य रचना और सार्थक जीवन जीने की प्रेरणा देता रहेगा**



*सही बात है सही आदमी फेर लोगां नै भी जान लिया।*
*देश धर्म केगाणे मैं ला अपनी उम्र तमाम गए।।*
*छोड़ दिया परिवार नार संसार पहुँच धुर धाम गए।।*

लोकगायकों और सांगियों में अपने गायन के श्रीगणेश में मंगलाचरण व गुरु-स्मरण की परंपरा देखने को मिलती है। वे भी अपने कार्यक्रम का आगाज इसी प्रकार करते थे। उदाहरण के लिए मां भवानी की भेंट के कुछ अंश प्रस्तुत हैं-

**अजब तेरी शान का री, कोन्या भेद किसी नै पाया।।**
**कहै शिवचरण सभा मैं आओ, माई गाणे मैं रंग बरसाओ, मुझ मूर्ख को सही बताओ,**
***रास्ता ज्ञान का री, ध्यान मनै थारे चरणां मैं लाया।।***

लोककवि शिवचरण के व्यवहार, चरित्र एवं जन्मस्थली आदि के सन्दर्भ में उनके परिजनों एवं पुरजनों से प्राप्त जानकारी के साथउनके काव्य से भी इसकी यथेष्ट जानकारी मिलती है। जैसे-

**शिवचरण नै थारा विश्वास सै,**
**मन मैं पूरी - पूरी आस सै,**
**मेरा खास सै नांगल गाम, सच्चा धाम,**
**मुख से नाम,राम जी का टेरा जी।।**

उनके काव्य में लोकाचार के दर्शन होते हैं। लोकजीवन में कन्यादान को सबसे बड़ा पुण्य माना जाता है, जो व्यक्ति अपनी जवान बेटी का विवाह समय पर नहीं कर पाता तो उसकी निंदा होती है। अतः लोकनिंदा से बचने के लिए द्रौपदी की माँ राजा द्रुपद से अपनी बेटी के हाथ पीले करने का अनुरोध करती है। वह राजा को उसके कर्त्तव्य का बोध इस प्रकार करवाती है-

**कविवर शिवचरण जीवनभर लोकरंजन एवं लोकमंजन के लिए काव्य-साधना और लोकसंस्कृति के प्रचार-प्रसार में जुटे रहे**

**स्याणी बेटी-भाण कंवारी, ना ठीक बाप के घर पै।**
**गृहस्थ-धर्म की रीत पुराणी, फर्ज बाप के सिर पै।।**

हमारी संस्कृति की बिसात तप, त्याग, दया, धर्म, पुण्य, दान आदि अनेक उदात्त तत्त्वों से बुनी गई है। गृहस्थ आश्रम को सब से श्रेष्ठ माना गया है, क्योंकि अन्य सभी आश्रम इसी पर आधारित हैं। कवि ने समाजोपयोगी लोकाचार को अपनाने का उपदेश इस प्रकार दिया है-

***दया धर्म और शील-सुभा लक्ष्मी का वास कहें सैं।***
***इस गृहस्थ धर्म नै वेद-शास्त्र, भक्ति खास कहें सैं।।***
***अपणा-अपणा फर्ज समझ कै, पूरा प्रण निभावैं।***
***माँ-बाप करैं सो बेटा-बेटी, न्यूँ दुनिया कहती आवै।***
***मात-पिता का फर्ज बालकाँ तै, आच्छी बात सिखावै।***
***लिखा-पढ़ा कै करैं श्यामर्थ, जिन्दगी सफल करावै।***

लोकजीवन में श्रद्धा-भक्ति की मन्दाकिनी अबाध गति से प्रवहमान है। अशिक्षित एवं अर्धशिक्षित लोगों की धर्म एवं भक्ति में अगाध आस्था है। इन्होंने लोकमानस की इस आस्था को बनाए रखने एवं इसे और पुष्ट करने के लिए लोगों को इस प्रकार सचेत किया है-

**नहीं मरे का शोक किसे नै, बिरथाए जिंदगी खो चाल्या।**
**लोक परलोक बिगाड़े दोनों ना मनुष जन्म हर बार मिलै।।**
**निहालचंद सतगुरु के संग मेरा जन्म-जन्म का नाता है।**
**पूरी शक्ति मिलै गुरुमुख नै जो शरण गुरु की जाता है।**
**भक्ति-दान गुरु से मिलता वो ब्रह्मविद्या का दाता है।**
**जिस पै मौज गुरु की होज्या वो परमगति को पाता है।**
**शिवचरण पै मेहर फेर दयो जो सार शब्द का तार मिलै।।**

लोककवि शिवचरण की रचनाओं में जीवन के सभी आयाम सहज रूप से उद्घाटित हुए हैं। सामाजिक सरोकारों एवं नैतिक मूल्यों के साथ-साथ देशप्रेम की भावना भी उनके काव्य में हिलोरें मार रही है। सन् 1965 के भारत-पाक युद्ध के उपरान्त दिल्ली में कड़ेखां नामक स्थान पर तत्कालीन लोककवियों के मध्य देशप्रेम के गीतों से सम्बद्ध एक प्रतियोगिता हुई, जिसमें इनके अग्रदत्त राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत गीत को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ-

**भारत माँ के पूत ऊठ इब, देर तनै क्यूँ लाई।**
**पाकिस्तान मानता ना करी हिन्द नै बहोत समाई।।**

पुराने समय में नैतिक मूल्यों की बड़ी कद्र थी। बड़े-बूढ़ों का आदर सम्मान था लेकिन समय ने करवट बदली और समाज का सारा ताना-बाना बिखरने लगा। ऐसी भयंकर स्थिति को देखकर कविवर शिवचरण का मन अकुला उठा। समाज को दशा एवं दिशा दिखाती उनकी अग्रदत्त रचना की एक-एक पंक्ति गौर करने लायक है-

**कई लड़की हों जिस माणस के, उसकी श्यामत आवै सै।**
**लड़का देखण की सोचै जब, पहल्याएँ घबरावै सै।**
**बेशक लड़का अनपढ़ हो पर, उलट-पुलट बतळावै सै।**
***नगद दान लाखों मैं पोंहचै, अर कार - स्कूटर चाहवै सै।***
***फेरे लेकै दें छोड़ फेर भी, न्यूँ जीणा दुश्वार होया।।***
***सतपुरुषों की कद्र रही ना, झूठ्याँ का विस्तार होया।।***

जीवन के अंतिम वर्षों में इनका अधिकतर समय हरि भजन में व्यतीत होने लगा। स्वर्गवास से कुछ दिन पहले अचानक इनका स्वास्थ्य ज्यादा खराब हो गया। दवाइयों ने भी कोई असर नहीं दिखाया। 10 जनवरी 1997 को सवेरे के समय इनके सुपुत्र रामबीर सिंह 'राम', पास बैठे थे, उनको परोपकार, समाजसेवा और अन्य शुभ कार्यों के लिए प्रेरित किया और अपनी एक प्रसिद्ध रचना की निम्नलिखित पंक्तियां सुनाते हुए परमधाम के लिए प्रस्थान कर गए-

**दान-पुण्य करणे तै मनुष की कला सवाई होज्या।**
**बणा कुएं बाग स्कूल धर्मशाला सफल कमाई होज्या।**
**धर्म - कर्म नहीं छुपै कुटुंब की मान-बड़ाई होज्या।**
**शिवचरण वरदान मिलै खुश दुर्गे माई होज्या।**
**सतगुरुजी की मेहर फिरै जब शिष्य नै पास कहैं सैं।।**

कविवर शिवचरण जीवनभर लोकरंजन एवं लोकमंजन के लिए काव्य-साधना और लोकसंस्कृति के प्रचार, प्रसार में जुटे रहे। उन्होंने लोक-कल्याण में अपना सारा जीवन लगा दिया। इनके निधन के उपरान्त इनके अनेक शिष्य इनकी परम्परा को आगे बढ़ा रहे हैं, जिनमें सुरेश रोहिल्ला, महेन्द्र सिंह व रामबीर सिंह 'राम'प्रमुख हैं। इनके सुपुत्र रामबीर सिंह 'राम' उनके ही संस्कारों से आज हरियाणवी साहित्यकारों में उच्च सम्मान पाते हैं। 'राम' विशेष रूप से काव्य-रचना में सक्रिय हैं। उन्होंने कविराज शिवचरण के जीवनवृत्त को एक भजन के रूप में प्रतिपादित किया है। उसके कुछ अंश पेश हैं-

**पिता छोड़ कै चल्या गया मनैं ढूंढ्या बहोत मिल्या कोन्या।**
**साच बताऊँ तात बिना कदे मन का चमन खिल्या कोन्या।**
**सिर पै धर दिया हाथ साथ ले रामबीर का प्रणाम गए।।**
**छोड़ दिया परिवार नार संसार पहुँच धुर धाम गए।।**

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि लोककवि शिवचरण अपने समय के एक सशक्त हस्ताक्षर थे। जिन्होंने अपनी काव्य प्रतिभा से जनमानस में एक नई जागृति लाने का स्तुत्य प्रयास किया। उनका लोक साहित्य और महान व्यक्तित्व युवाओं को श्रेष्ठ साहित्य रचना और सार्थक जीवन जीने की प्रेरणा देता रहेगा, ऐसा हमारा विश्वास है।

कुण्डलिया | सत्यवीर नाहड़िया



## फाग्गण खूग्या वो दिखे...

न्यारी होवै थी कदे, फाग्गण की सौगात।
इब फाग्गण की ना रह्यी, पहलम आळी बात।
पहलम आळी बात, रात नै गाया करते।
बजा नगाड़े-ढप्प, चुगरदे छाया करते।
बड़ी-बूढ़ळी साँग, काढ़ती मिलकै सारी।
रात चाँदणी बीच, छटा होवै थी न्यारी।।

त्यारी डांडे तै सदा, होया करती खास।
भाईचारा आपसी, आया करता रास।
आया करता रास, आस नित नयी जगाते।
ढाल-बिड़कले गैल, कूकड़ी भोत बणाते।
ऊँच्ची होळी रोज, बणाते मिलकै भारी।
गाकै होळी भोत, हुवै थी न्यारी त्यारी।।

फाग्गण खूग्या वो दिखे, नहीं बच्ची वै बात।
भाईचारा ना रह्या, बदल्ये न्यूँ हालात।
बदल्ये न्यूँ हालात, टांड पै धरे नगाड़े।
गोबर-गारा गैल, धुत हो करते खाड़े।
चाल्ली पछवा पौन, रीत न्यूँ लाग्ये त्यागण।
गूँज्या करता भोत, रात चाँदण म्हैं फाग्गण।।

कविता | इंद्र सिंह लांबा



## हर की भूमि

धन्य धन्य धरा हरियाणा हर की भूमि कहलाती है।
ज्ञानी ध्यानी वेदव्यास से वेद यहां लिखवाती है।

श्री कृष्ण नैं कर्म करण की जो बात कही सै गीता मैं।
यहां कर्मठता से दिखा दिया विश्वास उन्हीं की रीता मैं।
यहां तीज त्यौहार हंस खिल के आते, रहणा प्यार प्रीता मैं।
सांझ ढले चौपाल बैठकर जिक्र चालैं मीता मैं।

खेल खिलाड़ी म्हारे अगाड़ी, धरती मां इतराती है।
ज्ञानी, ध्यानी, वेदव्यास से वेद यहां लिखवाती है।

सूरदास और ऋषि दयानंद यहां हुए तपधारी थे।
नाहर सिंह और तुला राव सदा अंग्रेजों पर भारी थे।
नेकीराम और श्रीराम शर्मा आजादी के पुजारी थे।
चंदगी राम और लीलाराम बड़े पहलवान बलकारी थे।

शिवालिक और अरावली पर्वत चोटी दिखलाती है।
ज्ञानी ,ध्यानी वेदव्यास से वेद यहां ,लिखवाती है।
ढ़फ, ढ़ोल , नगाड़े बाजैं जोगी सारंगी पर गाते हैं।
वीरों का इतिहास सुना हर दिल में जोश जागते हैं।।

पावन पवित्र स्थल देखने लोग दूर से आते हैं।
पेहवा, फल्गु, कुरुक्षेत्र भक्तों के बंध रहे तांते हैं।
सतलुज, यमुना, सरस्वती धरती की प्यास बुझाती है।
ज्ञानी ध्यानी वेदव्यास वेदव्यास से वेद यहां लिखवाती है।

सांगी,भजनी,प्रचारक तत्काल मेरे हरियाणा मैं।
कवि मोहर सिंह ,बख्तावर, नंदलाल मेरे हरियाणा मैं।
लखमी , मांगे, बाजे ,धनपत, निहाल मेरे हरियाणा मैं।
फिल्म निर्देशक प्रभाकर, यशपाल मेरे हरियाणा मैं।।

नई बुलंदी छूणे के संस्कार हमें सिखलाती है।
ज्ञानी ध्यानी वेदव्यास से वेद यहां लिखवाती है।
कहे इंद्र लाम्बा नर और नारी मिल के खेत कमाते हैं।
तारों की छाया में जाते तारों की छांव आते हैं।।

बढ़िया खेती बाड़ी सोना बालों में उपजाते हैं।
सादा रहणा सहणा और दूध, दही , घी खाते हैं।
तेरा वंदन तेरा पूजन दुनिया शीश झुकती है।
ज्ञानी ध्यानी वेदव्यास से वेद यहां लिखवाती है ।।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

रोचक | करीब 150 वर्ष के दौरान विभिन्न परिवर्तनों के दौर से गुजरा है हरियाणा

# कई विलय, विघटन के बाद बना वर्तमान हरियाणा



इतिहास | यशपाल गुलिया

राकुछ जागरूक एवं जिज्ञासु पाठकों ने मेरे पिछले लेख बारे प्रश्न उठाया कि हरियाणा तो पंजाब से बना है। ऐसे पाठकों के ज्ञानवर्धन के लिए मैं 150 वर्ष के विभिन्न परिवर्तनों के बारे में अवगत करवा देता हूं। वर्ष 1802 में नवस्थापित हरियाणा राज्य का आयरिश शासक तो स्वर्ग सिधार गया, लेकिन अगले ही वर्ष 1803 में दिल्ली पर अंग्रेज सत्ता स्थापित हो गई।


उन्होंने दिल्ली के तीन तरफ स्थित क्षेत्र को विभिन्न रियासतों व नवाबियों में वितरित कर दिया। जॉर्ज थॉमस द्वारा गठित हरियाणा प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्र को झज्जर रियासत व दुजाना रियासतों को प्रदान कर दिया। जैसे झज्जर रियासत में नारनौल, महेन्द्रगढ़, कांटी तथा बावल तक का क्षेत्र दे दिया गया। वहीं, दुजाना नवाब को नाहड़, भिवानी, हांसी, हिसार तक क्षेत्र दिया गया, जिसका उसने 1809 में स्वेच्छा से परित्याग कर दिया। अंग्रेजों ने दिल्ली पर अधिकार करने के बाद अन्य नई रियासत मेवता, पटौदी व लौहारु आदि भी बना डाली। जबकि अंग्रेज शासक से पहले कायम रजवाड़े, नवाबी आदि यथावत बने रहने दिए। क्योंकि उन्होंने न केवल अंग्रेज प्रभुसत्ता को सहर्ष स्वीकार किया बल्कि अंग्रेजों की हर प्रकार से सहायता भी की, जैसे फरुखनगर, बल्लभगढ़, बहादुरगढ़, झाड़सा, कुन्जपुरा, जीन्द, कैथल, नारायणगढ़, रानियां आदि रजवाड़े पहले से स्थापित हो चुके थे। इस तरह जॉर्ज थॉमस द्वारा स्थापित हरियाणा राज्य का नाम तब लुप्त प्राय हो गया। अंग्रेजों ने प्रशासनिक व्यवस्था के तहत 1810 के बाद वर्तमान हरियाणा क्षेत्र में नये जिले बनाने की प्रथा भी आरम्भ कर दी थी और तब पंजाब सतलुज नदी के पार वाले क्षेत्र को कहा जाता था जिसकी राजधानी लाहौर थी। उस समय पंजाब का शक्तिशाली शासक महाराजा रणजीत सिंह था, जिससे अंग्रेजों ने चालाकी पूर्ण सन्धि कर ली थी। अर्थात महाराजा के जीवित काल वर्ष 1839 तक तो अंग्रेज लाहौर तक नहीं गए लेकिन उसके बाद वर्ष 1849 तक सिखों से कई युद्ध करके समस्त पंजाब (वर्तमान पाकिस्तान) पर अधिकार कर बैठे। उसके कुछ वर्षों बाद स्वाभिमानी भारतीय सैनिकों ने 1857 का विद्रोह कर दिया और चार माह तक दिल्ली अंग्रेजों से मुक्त हो गई थी। परन्तु सत्तालोलूप कुछ पंजाब शासकों ने अंग्रेजों को सैन्य सहायता देकर दिल्ली पर उनका शासन फिर से कायम करवा दिया।



अंग्रेजों ने 1804 में झज्जर रियासत बनाई थी। रियासत का यह महल अब गिरा दिया गया है।

वर्ष 1858 से अंग्रेजों ने भी प्रशासनिक परिवर्तन करके न केवल वर्तमान हरियाणा क्षेत्र बल्कि दिल्ली को भी एक जिला बनाकर पंजाब सूबे के तहत कर दिया तब पंजाब सूबे की राजधानी लाहौर में थी तथा दिल्ली, वर्तमान हरियाणा व हिमाचल क्षेत्र सहित 32 जिलों का राज्य बना दिया था। उसके बाद वर्ष 1912 से दिल्ली को पंजाब से अलग कर दिया गया क्योंकि अंग्रेजों ने 1912 से कलकत्ता से राजधानी दिल्ली स्थानांतरित कर दी थी। लेकिन हरियाणा व हिमाचल को 1966 से ही अलग राज्यों का दर्जा प्राप्त हो सका। अर्थात नए हरियाणा का उदय वर्ष 1966 में एक नवंबर को हुआ।

**विशेष** : लेखक ने शोध शैली की विभिन्न पुस्तकें लिखी हैं।



अंग्रेजों द्वारा दिल्ली में बनाया गया 1857 का स्मारक।

# संस्कृति संवर्धन में कला की अहम भूमिका : प्रदीप जेलपुरिया

कलाकार | ओ.पी पाल

हरियाणा की समृद्ध संस्कृति को संजोए रखने के लिए लोक कलाकार अलग-अलग विधाओं में अलख जगा रहे हैं। सूबे के लोक कलाकारों और गीतकारों ने देश में ही नहीं, वरन् विदेशों में भी अपनी छाप छोड़ी है। ऐसे ही विख्यात कलाकार प्रदीप जेलपुरिया ने मिमिक्री और मंच संचालन के साथ अपने गीतों की बेहतरीन प्रस्तुतियों से लोकप्रियता हासिल की है, वहीं वह जेल विभाग में सेवा देते हुए कैदियों को भी संस्कृति और संस्कारों की सीख दे रहे हैं। मिमिक्री के साथ रागनी गायन, एंकरिंग, कविता लेखन के माध्यम से सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, सामाजिक और खेल जैसे समारोह में एंकरिंग की भूमिका में बुलंदियां छू रहे कलाकार प्रदीप जेलपुरिया ने हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत के दौरान अपनी कला के सफर में कई ऐसे अनछुए पहलुओं को उजागर किया है, जिसमें अपनी संस्कृति का संवर्धन करना उनकी कला की प्राथमिकता है।

हरियाणा के विख्यात मिमिक्री कलाकार प्रदीप जेलपुरिया का जन्म जिला झज्जर के शहर बहादुरगढ़ में 29 दिसंबर 1983 को दलीप सिंह और कृष्णा देवी के घर में हुआ। उनके पिता एक सरकारी स्कूल में अध्यापक और माता गृहिणी के रूप में परिवार की जिम्मेदारी संभालते रहे हैं। परिवार में भले ही साहित्यिक या सांस्कृतिक माहौल न हो, लेकिन उनकी माता पड़ोसियों की जिस अंदाज में मिमिक्री करती थी, उसका प्रभाव बचपन में ही प्रदीप पर पड़ने लगा। इसी कारण उन्हें बचपन में ही अभिनय जैसी कला में अभिरुचि हो गई थी और वह एक्टरों की मिमिक्री करने लगे। प्रदीप की प्राथमिक शिक्षा सरकारी स्कूल एवं माध्यमिक शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय रेवाडी से हुई। जबकि बीए दिल्ली विश्वविद्यालय के अंबेडकर कालेज और एमए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक से उत्तीर्ण की। बकौल प्रदीप जेलपुरिया, वह स्कूली शिक्षा के दौरान नाटकों में मंचन और मिमिक्री करने लगे। जब वह सातवीं कक्षा में थे तो उन्होंने पहली बार अपने प्रिंसिपल की मिमिक्री की, इस पर प्रिंसिपल ने उसे डांटने या पीटने के बजाय इस कला के लिए प्रोत्साहित किया। वह स्कूल के कार्यक्रमों में नाटकों में अभिनय मंचन और मिमिक्री करने लगे। उन्होंने बताया कि एमडीयू में एमए के दौरान पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित आल इंडिया पुलिस गेम (घुड़सवारी) में उन्होंने बतौर एंकर की भूमिका निभाई। उनकी उपलब्धियों को देखकर ग्रैपलिंग गेम में कल्चरल अफेयर्स का निदेशक बनाया गया, जिसके तहत उन्होंने ग्रैपलिंग गेमों में कई वर्ष एंकरिंग की। इसके अलावा झज्जर बहादुरगढ़, रोहतक, रेवाडी, फरीदाबाद एवं नूहं के गीता महोत्सव में भी एंकरिंग की। एंकरिंग के साथ हरियाणवी संस्कृति को संजोए रखने के लिए मुहिम छेड़ी और हरियाणा रागनी का मंचन भी किया और हरियाणवी गाने '70 का हरियाणा' में भी भूमिका निभाई। गत वर्ष 2024 में विशाखापटनम, राजीव गांधी स्टेडियम दिल्ली, छत्रसाल स्टेडियम दिल्ली एवं तालकटोरा स्टेडियम दिल्ली में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर एंकरिंग एवं हरियाणवी गानों से सबका मन मोहा है। इनका कहना है कि हरियाणवी बोली और संस्कृति का राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करना उनकी प्राथमिकता है। जीवन में उतार चढ़ाव आते हैं, लेकिन उन्होंने उस हालातों में भी हौसला नहीं खोया, जब कुछ साल पहले पैरालिसिस के कारण उनका चेहरा खराब होने लगा था। उनकी विभिन्न कलाओं का फोकस हरियाणवी संस्कृति और संस्कारों पर रहता है।





### पुरस्कार और सम्मान

अभिनय, गीतों और लेखन के साथ मिमिक्री की कला में विख्यात होते कलाकार प्रदीप जेलपुरिया को कालेज शिक्षा के दौरान दिल्ली यूनिवर्सिटी आंबेडकर कॉलेज से सर्वश्रेष्ठ मिमिक्री अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें हरियाणा गौरव पुरस्कार, झज्जर गौरव पुरस्कार के अलावा गृह विभाग के एसीएस विजय वर्धन और जेल महानिदेशक भी पुरस्कार से नवाज चुके हैं। इसके अलावा उन्हें विभिन्न मंचों से अनेक पुरस्कार व सम्मान मिले हैं।

### कैदियों को दे रहे हैं संस्कृति की सीख

कलाकार प्रदीप जेलपुरिया का साल 2003 में जेल विभाग में सिपाही के पद पर चयन हुआ। नौकरी के बावजूद उनकी कलाकारी का जज्बा जीवित रहा। जेल के माहौल में रहकर उन्होंने कविता लिखना शुरू किया और जेल में कैदियों को संस्कृति और संस्कार देने का काम शुरू कर दिया। विभाग ने भी उनकी कला को देखते हुए उनकी ड्यूटी बतौर म्यूजिक इंचार्ज जेल रोहतक में कर दी। फिलहाल उनकी ड्यूटी मेवात जेल में हैं। वह समाज को नई दिशा देने के मकसद से संस्कृति के लिए हरियाणवी में कार्यक्रम भी करते आ रहे हैं।

*स्वाति मेकअप स्टूडियो की संचालिका स्वाति चौहान ने किया संबोधित*

# आदि शक्ति मानी जाती है मातृशक्ति : चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रेलवे रोड स्थित स्वाति मेकअप स्टूडियो की संचालिका स्वाति चौहान को रौनक स्कूल में आयोजित महिला शक्ति अवार्ड से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने के बाद स्वाति चौहान ने कहा कि वह महिलाओं के उत्थान के लिए प्रयासरत है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनके स्टूडियो की तरफ से निशुल्क ब्यूटी कोर्स करवाया जाएगा ताकि महिला आत्म निर्भर होकर अपना गुजारा कर सके। स्वाति चौहान ने कहा कि नारी समाज की आदर्श शिल्पकार है", भारतीय दर्शन का यह उल्लेख नारी शक्ति और निर्माण का आह्वान है। भारत में नारी सदैव अग्रणी रही है। मातृशक्ति को आदि शक्ति माना जाता है। हमारी परंपरा, संस्कृति और चिंतन में नारी का सम्मान रहा है। यह हमारे लिये गौरव की बात है कि पूरे संसार ने महिला सशक्तिकरण को स्वीकार किया और 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में महिला सशक्तिकरण का संकल्प कार्य किया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण के लिये अनेक योजनाओं को धरातल पर उतारा गया।



गन्नौर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस स्वाति मेकअप स्टूडियो की संचालिका स्वाति चौहान का सम्मान करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव




खरखौदा। नारी शक्ति सम्मान प्रदान करते भरत सिंह शर्मा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

एम आर मॉडल स्कूल बरोना में वार्षिकोत्सव व अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नारी शौर्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। वार्षिकोत्सव के अंतर्गत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। साथ ही विद्यालय के प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया गया। अनेक महिलाओं को नारी शौर्य सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वाली महिलाओं में ग्राम बरोना की सरपंच गीता देवी, संगीता सरोहा, देवकी रानी, उर्मिला स्वामी, एडवोकेट ज्योति दहिया, अंजलि, पूनम, तथा विद्यालय की 10 अध्यापिकाओं के नाम शामिल हैं। भारतीय जनहित परिषद खरखौदा के अध्यक्ष भरत शर्मा ने अध्यक्षीय भाषण में नारी शक्ति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जहां पर नारी की पूजा होती है, वहां पर देवता निवास करते हैं। इस अवसर पर खरखौदा बार एसोसिएशन के प्रधान आशुतोष सरोहा, पूर्व प्रधान कमल शर्मा, एडवोकेट संदीप दहिया, बबलू प्रधान आदि ने समाज में नारी के योगदान को रेखांकित किया। डॉक्टर अनिकेत,डॉक्टर रोहन, राजू कोच, ईश्वर नंबरदार, विजय प्रधान पिपली ,योगेश, विकास ,राम मोहन आदि ने बच्चों को प्रोत्साहित किया।

डीबीएम स्पेशल कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम

# समाज के विकास के लिए लैंगिक समानता जरूरी



गोहाना। कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुए वक्ता व साथ में हैं विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

- समारोह की शुरुआत अधिवक्ता पूजा देवी के भाषण से हुई

डीबीएम स्पेशल कॉलेज ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के लिए एक जीवंत और सशक्त समारोह का आयोजन किया, जिसमें दुनिया भर में महिलाओं की उपलब्धियों और योगदान का सम्मान किया गया। समारोह के लिए मार्गदर्शन संस्थान के एमडी विकास मलिक का रहा। समारोह की शुरुआत महिला अधिकार अधिवक्ता पूजा देवी के भाषण से हुई, जिन्होंने आज की दुनिया में लैंगिक समानता के महत्व को साझा किया। महिला दिवस केवल महिलाओं का जश्न मनाने के बारे में नहीं है बल्कि सच्ची समानता के लिए अभी भी आवश्यक प्रगति को पहचानने के बारे में भी है। कार्यक्रम का समापन एक इंटरैक्टिव पैनल चर्चा के साथ हुआ। कॉलेज इस कार्यक्रम को एक प्रमुख परंपरा बनाने के लिए तत्पर है। महिलाओं को सशक्त बनाने और समाज के हर पहलू में लैंगिक समानता का समर्थन करने की प्रतिबद्धता पर दृढ़ है।

## खबर संक्षेप



गोहाना। चेयरमैन यशपाल ठाकुर को पगड़ी बांधकर सम्मानित करते लोग।

### सभी के हित में काम कर रही सरकारः यशपाल

**गोहाना।** केश कला बोर्ड हरियाणा के चेयरमैन यशपाल ठाकुर गोहाना में पिछड़ा एवं अनुसूचित समाज महासभा व सैन एकता विकास मंच हरियाणा के संरक्षक प्रो. शमशेर भंडेरी के सेक्टर 7 स्थित उनके निवास पर पहुंचे। चेयरमैन यशपाल ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार हर वर्ग के हित के लिए बिना किसी भेदभाव के काम कर रही है। इसके बाद वे वरिष्ठ अधिवक्ता जगदीश बैरागी के घर पहुंचे और समाज के लोगों के साथ बातचीत की। मौके पर प्रो. शमशेर भंडेरी, प्रो. राजेश, सोमपाल सैन, अशोक जांगड़ा, अधिवक्ता अजय लठवाल, देवेंद्र जांगड़ा, श्यामलाल मलिक, सुशील मलिक, रमेश, श्यामसुन्दर, प्रताप, पं. राजू, रमेश कश्यप व रणबीर फौजी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### शिविर में आपदा प्रबंधन पर विशेष कार्यशाला

**सोनीपत।** हिंदू कॉलेज के सात दिवसीय एनएसएस विशेष कैंप के छठे दिन पर आपदा प्रबंधन पर कार्यशाला हुई। मुरथल में चल रहे शिविर में कार्यशाला एसडीआरएफ हरियाणा गुरुग्राम के सहयोग से हुई। इंस्पेक्टर सुखमंदर, एएसआई गुरमीत और उनके टीम ने स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन पर विशेष व्याख्यान दिया। इसके साथ ही भूकंप, गैस लीकेज, आग लगने, सिलेंडर के फटने, पानी में डूबने जैसी घटनाओं के समय क्या कदम उठाने चाहिए।

### प्रदर्शनी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम

**सोनीपत।** देवडू रोड स्थित दिल्ली विद्यापीठ में 'अभिनव' पाठ्यक्रम विषयों पर आधारित भव्य प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने पाठ्यक्रम के सभी विषयों पर आधारित वर्किंग और 3डी मॉडल्स बनाकर अपने उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्कूल के प्रांगण में देशभक्ति की भावना और हरियाणा व पंजाब की संस्कृति को नृत्य एवं मंचन अभिव्यक्ति के जरिए प्रस्तुत किया गया।

### बच्चों ने चित्रकला स्पर्धा में दिखाई प्रतिभा

**गोहाना।** सेक्टर 7 स्थित दि विज्डम स्कूल में रंग दे चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में स्कूल के बाल विद्यार्थियों ने आकर्षक चित्र बनाकर उनमें अपनी कला प्रतिभा के रंग भरे। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कल्पना शक्ति और रचनात्मकता का अद्भुत प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता को तीन आयु वर्ग 5-6 वर्ष, 6-8 वर्ष और 8-10 वर्ष में विभाजित किया गया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता मुख्याध्यापिका रेणु नासा ने की।

हंसराज राणा की अध्यक्षता में ग्राम वासियों की बैठक में उठा मुद्दा

# फिरोजपुर बांगर-थाना कलां मार्ग की हालत खस्ता, वाहन चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

गांव फिरोजपुर बांगर में ग्राम वासियों की एक बैठक हंसराज राणा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अपने उद्गार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि फिरोजपुर बांगर से थाना कलां गांव तक वाया जटौला जाने वाले सड़क मार्ग की हालत काफी दयनीय है।

- मार्ग की दुर्दशा के बारे में प्रशासन को कई बार अवगत करा चुके

सड़क मार्ग में जगह जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं। जिसके कारण दो पहिया वाहन चालक कई बार दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। इस मार्ग से दर्जन भर गांव के लोगों का प्रतिदिन आना जाना होता है। सड़क मार्ग की दुर्दशा के बारे में प्रशासन को कई बार अवगत कराया है। लेकिन अभी तक मार्ग की हालत ज्यों की त्यों बनी हुई है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से अपील करते हुए कहा है कि इस मार्ग को ठीक कराकर लोगों को सुविधा प्रदान की जाए।



खरखौदा। ग्राम वासियों की बैठक में मौजूद ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

**बैठक में यह रहे मौजूद**

गांव फिरोजपुर बांगर में ग्राम वासियों की बैठक में रणबीर, जयवीर ,राजेश, सुरेश कुमार ,मनोज, अतर सिंह, दिनेश राणा, कबूल नंबरदार, धर्मपाल व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

**जीटी रोड के पास शहर को जोड़ने वाली सड़क पर बीचों बीच गढ़ा दे रहा हादसे को न्योंता**

गन्नौर। जीटी रोड के पास शहर को जोड़ने वाली सड़क पर बीचों बीच गढ़ा बना हुआ है। जो कि हादसों को न्यौता दे रहा है। सड़क के बीचो बीच बना गड्ढा हादसों का कारण बन रहा है। सड़क पर गढ़ा होने के कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इसके चलते यहां से आने-जाने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना भी करना पड़ रहा है। इस गड्ढे को बंद करने को लेकर अधिकारी भी लापरवाह बने हुए हैं। आलम यह है कि इस रास्ते से हर रोज एसडीएम से लेकर हर विभाग के अधिकारी अपनी गाड़ी लेकर निकलते है, लेकिन समस्या की तरफ किसी का कोई ध्यान नही है। हादसों से बचने के लिए लोगो ने गड्ढे पर पुलिस का बोर्ड लगा दिया, ताकि किसी तरह का कोई हादसा न हो।लंबे समय से बने गड्ढे के कारण सड़क पर जाम की समस्या भी बन जाती है। इस कारण वाहन चालकों को परेशानी झेलनी पड़ती है। रात में यहां पर कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। इस कारण यहां से निकलने वाली जनता को गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसकी जानकारी संबंधित विभाग के अधिकारियों को भी है। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

# रोहट गांव के पास नहर पर बने गड्ढे से हादसे की आशंका

**सोनीपत।** रोहट गांव के पास नहर पर बनी सड़क पर बड़े गड्ढे के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इसको लेकर जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने प्रशासन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कई दिनों से नहर के बीच की सड़क पर कई फीट गहरा गड्ढा बना हुआ है, जिससे वहां से गुजरने वाले लोगों की जान को खतरा है। संजय बड़वासनिया ने कहा कि रोजाना प्रशासनिक अधिकारी उसी रास्ते से गुजरते हैं, लेकिन किसी ने अब तक इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दिया।

उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर समय रहते सुधार कार्य नहीं किया गया, तो यह एक बड़ी त्रासदी को जन्म दे सकता है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति इस गड्ढे में गिरता है, तो सीधा नहर में जा सकता है, जिससे उसकी मौत भी हो सकती है। उन्होंने पीडब्ल्यूडी और सिंचाई विभाग से तुरंत कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि लोगों की जान जोखिम में डालकर प्रशासन कब तक हादसों का इंतजार करेगा? संजय बड़वासनिया ने कहा कि यह समस्या कई वर्षों से बनी हुई है, लेकिन प्रशासन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने मांग की कि इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर तुरंत कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।



सोनीपत। पुल में बने गड्ढे को दिखाते जिला पार्षद संजय बड़वासनिया।

## परिवार की रीढ़ होती महिलाएं : अनिल



**गोहाना।** सोनीपत रोड स्थित ईश्वर इंटरनेशनल स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में महिला का घर व समाज में योगदान विषय पर विस्तारक व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता स्कूल के निदेशक अनिल मलिक ने कहा कि महिलाएं परिवार की रीढ़ होती हैं। परिवार के अलावा समाज में भी महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जब महिलाएं सशक्त होंगी तभी घर व समाज मजबूत बनेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों को लेकर जागरूक बनने की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या उषा कौशिक ने की। कार्यक्रम में स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी मौजूद रहे। बीआरओ-1442 बीसीसी द्वारा वर्तमान स्थिति सोनगाड से सुक्की टॉप तक मार्ग केवल नॉन स्किड चेन वाले वाहनों के लिए सुचारू किया गया है।

# आज पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला आगे बढ़ रहीं महिलाएंः कृष्णा शर्मा

**गोहाना।** शहर में गुढ़ा रोड स्थित जवाहर लाल नेहरू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के लिए मार्गदर्शन स्कूल की प्रबंधक कृष्णा शर्मा का रहा। संयुक्त अध्यक्षता एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा का रहा। प्रबंधक कृष्णा शर्मा ने कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। वे पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। नीतू शर्मा ने नारी सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए। राधिका ने माताओं को बच्चों के साथ समय बिताने के लिए तथा मोबाइल का प्रयोग अपनी देखरेख में रखने की सलाह दी। सबसे बड़ी समस्या मोबाइल का अत्यधिक प्रयोग करने से सामने आ रही है प्राचार्य डॉ सचिन शर्मा ने महिला दिवस की शुभकामनाये देता हुआ जीवन में आगे बढने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में नीति जैन, मनीषा व स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



गोहाना। कार्यक्रम में विचार व्यक्त करतीं महिला वक्ता। फोटो : हरिभूमि

### महिला सम्मान दिवस पर बांटी इम्यूनिटी बूस्टर किट



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के साथ ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं अन्य।

**सोनीपत।** सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा आसमा इन्फोटेक में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राकेश कुमार पांडे ने बताया कि सेवा ट्रस्ट द्वारा महिला सशक्तीकरण के लिए सिलाई-कटाई सेंटर, कम्प्यूटर शिक्षा, स्वरोजगार सेंटर जैसे कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। सेवा ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार ने बताया कि यह दिन समाज में महिलाओं की भूमिका, संघर्ष और सफलता को दर्शाता है। महिला दिवस का दिन महिलाओं की समानता, अधिकारों और उपलब्धियों को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। इस दौरान महिलाओं को इम्यूनिटी बूस्टर किट बांटी गई। इस मौके पर दिलबाग सिंह, पूजा, प्रिया, वंदना, ज्योति आदि महिलाएं उपस्थित रही।

# स्वयंसेविका हिमांशी रानी को मिला बेस्ट वालेंटियर का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

कन्या महाविद्यालय खरखौदा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई दो का विशेष शिविर तीन से 9 मार्च तक गांव आनन्दपुर में आयोजित किया गया। सात दिवसीय शिविर के सम्पन्न होने पर रविवार को महाविद्यालय में समापन समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्या डॉ. प्रमिला ने की। मुख्य अतिथि के रूप में गांव आनंदपुर से सरपंच प्रहलाद ने शिरकत की। स्वयं सेविकाओं ने तिलक लगाकर मुख्य अतिथि और प्राचार्या के साथ प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. प्रमिला का स्वागत किया। मां सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंच संचालन करते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ.प्रमिला ने प्राचार्या और मुख्य अतिथि तथा स्वयं सेविकाओं का हार्दिक अभिनंदन और स्वागत किया। स्वयं सेविकाओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत और मुख्य अतिथि के लिए स्वागत गीत प्रस्तुत किया। स्वयं सेविका प्रिया ने सात दिनों में जो जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए उनकी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की।



खरखौदा। स्वयं सेविकाओं को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए प्राचार्या।

**राष्ट्रीय गान के साथ समापन**

छोरी हरियाणा की गीत पर स्वयंसेवी का अन्नू और लेसिका ने हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। हिमांशी, श्वेता, पायल की टीम ने एक स्किट प्रस्तुत कर स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया। प्राचार्या ने मुख्य अतिथि को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं मुख्य अतिथि प्रहलाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाने चाहिए। इसके बाद बेस्ट वालंटियर हिमांशी रानी बीसीए द्वितीय वर्ष की छात्रा को चुना गया तथा अनु , पायल, श्वेता, हिमांशी, काजल, प्रिया आदि को सक्रिय स्वयंसेविका का खिताब दिया गया। राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## नशे के खिलाफ चलाया अभियान, लगाए पोस्टर



सोनीपत। हुल्लाहेड़ी में नशाखोरी के खिलाफ जागरूक करते हुए संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

**सोनीपत।** सोनीपत जिला के गांव हूल्लाहेडी में नशाखोरी के खिलाफ ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन की तरफ से जागृति अभियान लिया गया। जिसका नेतृत्व डॉ. सत्यपाल रांगी, चांद सिंह रांगी द्वारा किया गया। नशा विरोधी जागृति अभियान में सभी तरह के नशे सामाजिक बुराई हैं, इनके खिलाफ आवाज बुलंद करो नामक पोस्टर गांव में लगाए गए। यह सभी पोस्टर गांव के नागरिकों के नाम से लगाए गए हैं। जिसमें सुखलाल, सतपाल, शिलक राम, आजाद, सोनू, इंद्र, रामकरण आदि शामिल रहे। लोगों ने बताया कि गांव में नशाखोरी की वजह से बहुत सारे परिवार संकट में हैं। जिनको इसी रास्ते से बचाया जा सकता है। लोगों में सरकार के प्रति भी नाराजगी पाई गई। उनका कहना है की सरकार हर तरह के नशे के खिलाफ ईमानदारी से कार्रवाई नहीं कर रही है। सरकार की कमी की वजह से इस तरह के नसों को बढ़ावा मिलता है।

**आस्था** कार्यक्रम को लेकर सभी तरह की तैयारियां पूरीः अनुज मंगला

# श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव आज, सजा दरबार



सोनीपत। सजाया गया खाटू श्याम धाम। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कालूपुर चुंगी के नजदीक स्थित खाटूश्याम धाम में श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को महोत्सव के तहत विशेष दरबार सजाया जाएगा। जिसमें लक्की दुबे, अशोक पाराशर, पवन दहिया, निशी खाटु वाली और जुगल हंस अपने भजनों के माध्यम से बाबा श्याम की महिमा का गुणगान करेंगें। इस बारे में जानकारी देते हुए श्री खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट सोनीपत धाम के पदाधिकारी सीए अनुज मंगला ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर बाबा का दरबार सजाया जा चुका है। सभी तरह की तैयारियां भी पूरी कर ली गई है।

### खरखौदाः निशान यात्रा पहुंची ब्रह्मर्थधाम सिसाना



खरखौदा। श्री श्याम बाबा का पैदल रथ खींचते श्रद्धालु।

खरखौदा। दिल्ली मार्ग स्थित लाला जय नारायण धर्मशाला से श्री खाटू श्याम निशान यात्रा पैदल ब्रह्मर्थ धाम सिसाना पहुंची। जिसमें रथ पर श्री खाटू श्याम जी को विराजमान करके श्रद्धालुओं द्वारा जयकारे लगाते हुए रथ खींचा गया। श्रद्धालुओं ने रथ यात्रा में भाग लेकर नाचते गाते हुए रंग व फूलों की होली मनाते हुए श्याम बाबा के जयकारे लगाए। प्रत्येक श्रद्धालु अपने हाथ में श्याम बाबा का झंडा उठाए हुए था। रथ यात्रा में विभिन्न प्रकार की झांकियां निकाली गई। जिसमें बालिकाओं ने कृष्ण राधा के रूप में नृत्य करके सबका मन मोह लिया। इस दौरान लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। रथ यात्रा को देखने पहुंचे श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करके उन्हें नमन किया। सेवक प्रदीप ने बताया कि सिसाना धाम पहुंचने पर भंडारे का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि 11 फरवरी को भी सिसाना धाम पर श्याम बाबा का संकीर्तन व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें गायक मुरली मनोहर वृंदावन, तनु मनु, सोनू सांवरिया सोनीपत ,सोनू शर्मा सोनीपत, राजू डिघलिया, प्रदीप वर्मा, दीपक, रोहित शर्मा भजनों के द्वारा बाबा श्याम का गुणगान करेंगे। मौके पर सुरेंद्र पंडित, रविंद्र ठेकेदार, नरेंद्र,सोनू, संजय आदि ने आयोजन व्यवस्था में सहयोग किया गया।

## खबर संक्षेप



### फाइनल मैच के लिए लगाई बड़ी स्क्रीन

**गन्नौर ।** भारत व न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्राफी क्रिकेट के फाइनल मैच को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। मैच के लिए शहर के मुख्य बाजार में लायंस क्लब गन्नौर गौरव के प्रधान अंकित मल्होत्रा ने अपने प्रतिष्ठान के सामने बड़ी स्क्रीन के साथ-साथ बड़े साउंड सिस्टम लगवाए। जहां पर लोगों ने क्रिकेट का फाइनल मैच देखा।

### रात को कर रहे थे अवैध खनन, ट्रैक्टर-ट्राली जब्त

**सोनीपत।** जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन के विरूद्ध दिन-रात कार्रवाई की जा रही है। रात के अंधेरे में रेत का अवैध रूप से खनन करने वाले ट्रैक्टर-ट्राली को जब्त किया गया है। ट्रैक्टर-ट्राली को पुलिस थाना मुरथल में सीज करके खड़ा किया गया है। ट्रैक्टर-ट्राली मालिक/चालक के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## बोर्ड परीक्षाओं में नकल के मामलों के साथ अब लापरवाही के मामले जुड़े

# खुले में रखे मिले थे महंगे ड्यूल डेस्क, कार्रवाई के लिए दिए निर्देश

- बोर्ड परीक्षा में दो दिन पहले उपायुक्त व डीईओ ने किया था निरीक्षण, तब हुआ था खुलासा
- सरकारी संपत्ति के रख-रखाव में लापरवाही पर जताई चिंता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं में नकल के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे। अब इन परीक्षाओं में नकल के साथ लापरवाही के मामले भी जुड़ गए हैं। मामला महंगें ड्यूल डेस्कस को लेकर बरती गई लापरवाही का है। जिसका खुलासा दो दिन पहले उपायुक्त और जिला शिक्षा अधिकारी के दौरे के दौरान हुआ था। इस दौरान पाया गया था कि कुछ परीक्षा केंद्रों पर ड्यूल डेस्क को बाहर खुले में रखा पाया गया था। जिस पर अधिकारियों ने सरकारी संपत्ति के साथ लापरवाही को चिंताजनक बताया था। इसके बाद अब बीईओ को संबंधित स्कूल प्राचार्यों के खिलाफ अनुशासत्मक कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं।

बता दें कि बोर्ड परीक्षा के दौरान उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार व जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान कथूरा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनवासा व गन्नौर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुगथला में ड्यूल डेस्क खुले में रखे मिले। जिस पर अधिकारियों ने नाराजगी जताई है। अधिकारियों ने कहा कि स्कूल प्राचार्यों की लापरवाही के चलते सरकारी संपत्ति का नुकसान हो रहा है। उपायुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इसे शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर नकारात्मक प्रभाव डालने वाला माना है। उन्होंने जिला के सभी विद्यालय मुखियाओं को निर्देशित किया है कि वह सरकारी संपत्ति का उचित रखरखाव सुनिश्चित करें और ड्यूल डेस्क को व्यवस्थित तरीके से सुरक्षित स्थान पर रखें।

### नुकसान का आंकलन करने के निर्देश

दो स्कूलों में ड्यूल डेस्क खुले में रखे मिले हैं। कथूरा व गन्नौर के बीईओ को सरकारी संपत्ति के रख-रखाव में लापरवाही बरतने वाले संबंधित स्कूल मुखियाओं के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सरकारी संपत्ति को हुए नुकसान का आंकलन करने तथा उसकी विस्तृत रिपोर्ट भेजने को कहा गया है।

**-नवीन गुलिया,** जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

### हजारों रुपये का एक

स्कूलों में खुले आसमान के नीचे रखे मिले यह ड्यूल डेस्क अत्यधिक महंगे हैं। इन्हें हाल ही में छह से सात हजार रुपये प्रति डेस्क की कीमत पर खरीदा गया था। खुले में रखे होने के कारण धूल-मिट्टी या बारिश होने पर इनके खराब होने की संभावना बनी हुई है। अधिकारियों ने इसे विद्यालय मुखिया की लापरवाही मानते हुए इसे गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार बताया है।



## रक्तदान शिविर में 73 यूनिट रक्त एकत्रित

- रक्तदान शिविर की सफलता में रोटरी ब्लड बैंक की टीम ने अहम भूमिका निभाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

एसआरके स्किल सेंटर गन्नौर में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन सेंट संचालक जोगिंदर राजपूत ने स्वयं रक्तदान करके किया। शिविर में कुल 73 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। एएसआई कृष्ण कुमार और समाजसेवी सुनील लाम्बू मुख्यअतिथि रहे। जोगिंदर राजपूत ने शिविर में आए सभी रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा, रक्तदान से किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती, बल्कि यह हमारे समाज में एक सशक्त योगदान है। रक्तदान शिविर की सफलता में रोटरी ब्लड बैंक की टीम ने अहम भूमिका निभाई।

### ये रहे मौजूद

शिविर में जनहित फाउंडेशन से नरेंद्र हुड्डा, सुरेश चौहान, राजेश चौहान, पूनम, स्वाति, एसआरके कंप्यूटर सेंटर से अंजलि, लतिक्षा, रितु, प्रियंका, शुभम और अन्य लोग उपस्थित रहे।

### 116 मरीजों का जांचा स्वास्थ्य, 9 ने किया रक्तदान



**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन व अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला सोनीपत इकाई, महिला व युवा जिला इकाई, श्री श्याम बाला जी सेवा मंडल, रोटरी क्लब ऑफ़ सोनीपत एक्सीलेंस, कृष्णा देवी श्याम मिष्ठान भण्डार द्वारा शम्भूदयाल स्कूल मे आयोजित मेगा स्वास्थ्य जांच कैंप का 116 मरीजों ने लाभ लिया। कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज गोयल, डॉ. नितिन शर्मा, डॉ. प्रवेश मुदगिल, डॉ. सुमन, डॉ. शीतल, अभिमन्यु कुमार, ईशा चौहान, नेहा, मुस्कान द्वारा 116 मरीजों के बीएमडी टेस्ट, शुगर, बीपी, ईसीजी व स्वास्थ्य जांच की गई। इस मौके पर सेफ इंडिया फाउंडेशन के प्रधान संजय सिंगला व चेयरमैन वाईके त्यागी, सम्मेलन के प्रधान अनिल गुप्ता व महासचिव एडवोकेट अरविन्द मित्तल, कैम्प इंचार्ज बलराज वशिष्ठ व प्रियांशु वशिष्ठ, महिला प्रधान बबीता जिंदल, नरेंद्र भूटानी, अविनाश सेठी, प्रवीण गोयल (घी वाले), हरि कौशिक, नरेश कंसल, अनिल गर्ग, आनंद अग्रवाल, विजय राजोरा, विपुल गुप्ता, विवेक गर्ग, एवं कैलाश पाराशर आदि मौजूद रहे।

### बारोटा गांव में रक्तदान शिविर, 97 ने कमया पुण्य



**सोनीपत।** अकबरपुर बारोटा गांव में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 97 रक्तदाताओं ने महादान किया। इस मौके पर मोहित दहिया भठगांव, विक्रम जून, राकेश चौहान, संजय चौहान, हेमचंद्र, मांगेराम, बिल्लू, रविंद्र जून, जसविंदर पहलवान आदि व्यक्ति मौजूद रहे।

### बिशनदास धाम में शिविर, 101 ने किया रक्तदान



**सोनीपत।** बाबा बिशन दास धाम मुरथल में डॉ. नवीन गोयल की याद में नौवां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 101 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्त एकत्रित करने के लिए रोटरी क्लब की टीम ने अहम भूमिका निभाई। रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। शिविर में बहालगढ़ थाना इंचार्ज जयभगवान यादव मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे और उन्होंने डॉ. नवीन गोयल की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित करने के उपरांत रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें सम्मानित किया। कैंप संयोजक सुशील गोयल ने 23 वीं बार रक्तदान करने के उपरांत कहा कि रक्तदान अपने आप में एक अलग ही अनुभूति है, और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इस मौके पर डॉ. नवीन गोयल के परिवार से प्रवीण गोयल, मोहित गोयल, कुणाल गोयल, नीलम गर्ग, सुरेश गर्ग ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मौके पर सीए दीपक गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, बिजेंद्र गोयल, जयवीर गहलावत, कपिल गोयल, अनिल गुप्ता, लोकेश कौशिक, कृष्ण वत्स, पंकज गोयल उपप्रधान, युवराज राठी, कनिका, शुभम गुप्ता व गौरव गर्ग उपस्थित रहे।



राई। स्कॉलरशिप परीक्षा में के लिए रजिस्ट्रेशन करवाते प्रतिभागी छात्र।

## स्कॉलरशिप परीक्षा में छात्रों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

मुरथल स्थित सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रविवार को स्वर्गीय आनन्द सिंह लाकड़ा स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में कई गांवों विद्यार्थियों ने भाग लिया।

परीक्षा में आसपास के गांव के सैकड़ो छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्कूल के निदेशक रोहित लाकड़ा, साहिल लाकडा व प्राचार्य मन्नू ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों का उत्साह बढाया और बताया कि स्कॉलरशिप परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को स्कूल की तरफ से विशेष सम्मान किया जाएगा।

## त्योहारों से शिक्षा लेकर जीवन में आगे बढ़ें : भूपेंद्र मुद्गिल



**गोहाना।** भाजपा गोहाना मंडल के अध्यक्ष भूपेंद्र मुद्गिल ने कहा कि हमारे त्योहार का अपना सामाजिक महत्व है। हमारा हर त्योहार हमें जीवन में आगे बढऩे की प्रेरणा देता है। हमें अपने हर त्योहार को सभ्य तरीके से मनाना चाहिए। होली के पर्व का भी हमारी संस्कृति में एक अलग महत्व है।

### भारतीय संस्कृति विश्व में सबसे निराली

यह त्योहार हमें एकता और भाईचारे की मजबूती का संदेश देता है। मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र मुद्गिल ने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व में सबसे निराली है। हमारे त्योहार हमारी प्राचीन संस्कृति के प्रतीक हैं। हमारी संस्कृति में होली के त्योहार का विशेष महत्व है। यह त्योहार हमें सामाजिक मतभेदों से ऊपर उठकर लोगों को एक साथ आगे बढऩे के लिए प्रेरित करता है। यह हमें अटूट विश्वास और ईश्वर की सुरक्षा की आवश्यकता के बारे में भी याद दिलाता है। मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र मुद्गिल ने कहा कि हमें अपने त्योहारों को धूमधाम से लेकिन सभ्य तरीके से मनाना चाहिए। हम अपने त्योहारों को जितने अच्छे तरीके से मनाएंगे हमारी संस्कृति उतनी ही मजबूत बनेगी।

## वित्तीय साक्षरता पर सीबीएसई शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ

- वित्तीय साक्षरता की मूल बातें और डिजिटल उपकरणों के उपयोग पर ध्यान केंद्रित किया



गन्नौर। वित्तीय साक्षरता की मूल बातें और डिजिटल उपकरणों के उपयोग कार्यक्रम में मौजूद स्कूल के शिक्षक व प्रशिक्षक । फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

सीबीएससी द्वारा आयोजित वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल उपकरणों के उपयोग पर पी एस. पब्लिक स्कूल (भूरी) में संवेदीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सत्र का उद्देश्य बुनियादी वित्तीय नियोजन के बारे में जागरूकता पैदा करना था। नवीन शर्मा ने कहा कि वित्तीय साक्षरता की मूल बातें और डिजिटल उपकरणों का उपयोग के लिए सीबीएसई की ओर रजिस्ट्रेशन लिंक भी जारी किया गया है। शिक्षकों को इस कार्यक्रम में शामिल होना चाहिए। कार्यशाला में शिक्षकों को वित्तीय साक्षरता के विभिन्न पहलुओं जैसे कि बजट बनाने, बचत करने, निवेश करने और वित्तीय सुरक्षा के बारे , नवीनतम शिक्षण तकनीकों और पद्धतियों से अवगत कराने , अपने ज्ञान और कौशल को बढ़ाने का अवसर है। शिक्षकों को छात्रों के साथ बेहतर संवाद करने की जानकारी दी।

## 97 युवाओं ने किया रक्तदान

### मानव रक्त ही मानव जीवन को बचा सकता : योगेश जठेडी



रोई। जठेडी गांव के सरपंच व शिविर के आयोजक मोहित दहिया रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

आशीर्वाद वर्ल्ड सेंटर द्वारा अकबरपुर बारोटा गांव रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 97 युवाओं ने उत्साह से रक्तदान किया। शिविर के आयोजक मोहित दहिया भटगांव व विक्रम जून ने शिविर में पहुंचे जठेडी गांव के सरपंच योगेश, राकेश चौहान उर्फ मित्र,सरपंच संजय चौहान , सरपंच हेमचंद्र, सरपंच मांगेराम, सरपंच बिल्लू , रविंद्र जून बली, जसविंदर पहलवान का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए सरपंच योगेश जठेड़ी ने कहा कि रक्तदान करके व्यक्ति न केवल किसी जरूरतमंद को जीवनदान देता है, बल्कि रक्तदाता सदैव रक्तदाता का आभारी रहता है। उन्होंने माना कि विज्ञान भले ही उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है, लेकिन अभी तक उसे मानव रक्त का विकल्प नहीं मिल पाया है। केवल मानव रक्त ही किसी अन्य मानव जीवन को बचा सकता है। सरपंच योगेश जठेड़ी ने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है और यह एक महान सेवा है। रक्तदान जीवनदान है। उन्होंने युवाओं और समाज के सभी वर्गों से नियमित रक्तदान करने की अपील की, जिससे जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके और जीवन बचाया जा सके। मोहित दहिया ने कहा कि एक यूनिट रक्त से तीन की जान बचाई जा सकती है। हमें हर शुभ अवसर पर रक्तदान करना चाहिए ताकि खून की कमी में किसी को जान न गंवानी पड़े।

## युगमंथन कार्यक्रम में छात्रों ने पेश किए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

- प्रिंसिपल महक धनखड़ ने विद्यालय की उपलब्धियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की



गन्नौर। कार्यक्रम के प्रतिभागी छात्रों के साथ विधायक देवेंद्र कादियान व स्कूल के चेयरमेन अध्यक्ष अशोक वर्मा व अन्य अतिथिगण ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

शास्त्री नगर स्थित मॉर्डन पब्लिक स्कूल का युगमंथन वार्षिक उत्सव रेलवे रोड स्थित चिराग गार्डन में गार्डन में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि विधायक देवेंद्र कादियान व विशिष्ट अतिथि जैन कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर मनोज व लायन क्लब गन्नौर गौरव के एमजीएफ एवं प्रसिद्ध समाजसेवी हरीश वधवा ने शिरकत की।

युगमंथन कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरुआत विधायक देवेंद्र कादियान व विशिष्ट अतिथि जैन कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर मनोज व लायन क्लब गन्नौर गौरव के एमजीएफ समाजसेवी हरीश वधवा अमित त्यागी,स्कूल चैयरमैन अशोक वर्मा व प्रिंसिपल महक धनखड़ द्वारा सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए। मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने छात्रों को भविष्य में और बेहतर करने की प्रेरणा दी। इस अवसर अरुण गोस्वामी ने मंच संचालन कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## निरीक्षण — विधायक निखिल मदान ने किया निरीक्षण

# ₹4 करोड़ की लागत से होगा मिनी बाई पास का निर्माण : विधायक

गांव लहराडा में लोगों ने विधायक का फूल मालाएं पहनाकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। ग्रामीणों के बीच पहुंचे विधायक निखिल मदान साथ में अधिकारीगण।

विधायक निखिल मदान रविवार को लहराडा गांव में पहुंचे, जहां उन्होंने निहाल स्कूल के साथ से ककरोई रोड तक जाने वाले मिनी बाई पास का निरीक्षण किया और लोगों से मिलकर उनका कुशल क्षेम जाना और विकास कार्यों पर चर्चा की। इस मौके पर सभी लोगों ने विधायक निखिल मदान का फूल मालाओं से स्वागत किया।

विधायक निखिल मदान ने बताया कि उन्होंने बतौर मेयर रहते हुए इस मिनी बाई पास के कार्य को शुरू करवाया था, जिसके बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू हुई और अब कुछ दिनों बाद धरातल पर कार्य शुरू होगा। बीच में आचार संहिता लगाई जाने के कारण इस कार्य में विलंब हुआ था। विधायक निखिल मदान ने बताया कि लगभग 2.5 किमी लंबे और 33 फुट चौड़े मिनी बाई पास को बीटुमिन (तारकोल) से बनाया जाएगा और दोनों तरफ़ के 7 फुट रास्ते पर इंटरलॉक टाइल्स से रास्ते को पक्का किया जाएगा। इस मिनी बाई पास के बनने से सभी शहरवासियों को सुविधा मिलेगी और सूरी पेट्रोल पंप वाली मुख्य गली पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा। मिनी बाई पास के निर्माण कार्य को 4 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया जाएगा। विधायक निखिल मदान ने इसके बाद सेक्टर 15 की मेन मार्केट का दौरा किया और वहां 80 लाख रुपए की लागत से चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। विधायक निखिल मदान ने बताया कि सेक्टर 15 की मुख्य मार्केट में जल भराव को दूर किया जाएगा, दुकानों के आगे पानी निकासी के लिए मेन होल बनाकर नई पाइप बिछाई जाएगी। इसके साथ ही इंटरलॉकिंग टाइल्स को बदला जाएगा। फुटपाथों का रंगीन टाइल और सी सी से पक्का करके सौंदर्यीकरण किया जाएगा। फुटपाथ पर स्टील बेंच भी लगाए जाएंगे।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर त्रिभुवन कौशिक, शमशेर सरोहा, बबला, प्रदीप, मोंटी मंजीत, विकास, मोहित, बिशन सरोहा, महावीर, लवदीप, अनमोल, कुलदीप वत्स, विजय, भारत, कपिल आदि लोग मौजूद रहे।



## रौनक स्कूल गन्नौर में नारी शक्ति अवार्ड से प्रतिष्ठित महिलाओं को किया सम्मानित

**गन्नौर।** रौनक पब्लिक स्कूल गन्नौर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर महिला शक्ति अवार्ड का आयोजन किया गया। जिसमें गन्नौर के अलावा सोनीपत व पानीपत से शिक्षिकाओं और कर्मठ महिलाओं को श्रेष्ठ कार्यों के लिए नारी शक्ति अवार्ड से सम्मानित किया गया। अवार्ड कार्यक्रम में मत और मुख्यअतिथि शालू वाधवा, विशिष्ट अतिथि भावना जगिया ने शिरकत की। विशेष रूप से जैन स्कूल की प्रधानाचार्य भूषण भाटिया, महुआ के थिंक टैंक में रिसर्च मैनेजर सोनाक्षी सलूजा पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली महिलाओं को शाल और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। संगीत शिक्षक रोहित ने नारी सशक्तिकरण पर गीत गाकर सभी को आनंदित कर दिया। मुख्यअतिथि शालू वाधवा ने कहा कि महिला शक्ति हमेशा से ही अपना लोहा मनवाती रही है। चाहे परिवार समाज या कोई भी क्षेत्र हो, महिला पारिवारिक बंधनों से ऊपर उठकर अपने कर्तव्यों को निभाने का कार्य कर रही है। प्रधानाचार्य भूषण भाटिया ने कहा कि महिला का हर रूप खूबसूरत है चाहे वह मां बहन या पत्नी के रूप में हो वह परिवार को संबल और शक्ति प्रदान करतीहैं। सोनाक्षी सलूजा ने कहा कि चाहे ग्रामीण या शहरी आंचल से कोई भी नारी हो उसे अपने आप को स्थापित करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहना चाहिए। इस मौके पर आरपीएस गन्नौर की तरफ से राजीव मिश्रा ने सभी महिला शक्ति आभार व्यक्त किया और कहा कि आगे भी इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन स्कूल में होते रहेंगे।